कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 12-08-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में कमिश्नरेट वाराणसी में चला "चेकिंग अभियान", 485 गाड़ियां सीज।

- **सीपी के निर्देशन में बैंकों व वित्तीय प्रतिष्ठानों के आस-पास चला चेकिंग अभियान**
- **वित्तीय प्रतिष्ठानों व बैंक अधिकारियों से संवाद स्थापित कर महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों हेतु दिये गये दिशा-निर्देश**
- **अभियान के दौरान बिना नम्बर व तीन सवारी 485 वाहन किये गये सीज**

आज दिनांक 12.08.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में अवकाश उपरान्त बैंकों एवं वित्तीय/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के खुलने के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से एक वृहद चेकिंग अभियान चलाया गया। कमिश्नरेट पुलिस द्वारा इस अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर वाहनों की चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच और बैंकों तथा वित्तीय प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें वित्तीय प्रतिष्ठानों व बैंक अधिकारियों से संवाद स्थापित कर महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्तों की निगरानी में समस्त थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ वृहद चेकिंग की गई।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।